पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय,बालाघाट
(शिक्षा विभाग, भारत सरकार के अधीन निकाय )
तहसील :- बालाघाट,जिला: बालाघाट (म.प्र.),
पोस्ट: भरवेली, (म.प्र.),पिन-481102
दूरभाष संख्या:- 07632-245250
वैबसाईट:- https://balaghat.kvs.ac.in
ई-मेल:- balaghat@kvsrojabalpur.in

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

PM Shri Kendriya Vidyalaya Balaghat
(An Autonomous Body under Ministry of Education, Govt. of India)
Tehsil:-Balaghat, Distt-Balaghat (M.P)
Post-Bharweli, Pin-481102
Telephone No:- 07632-245250
Website: https://balaghat.kvs.ac.in
E-mail:-balaghat@kvsrojabalpur.in

## 04 जुलाई 2024 प्रातः 11:00 बजे केंद्रीय विद्यालय परिसर में आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का कार्यवृत

04 जुलाई 2024 प्रातः 11:00 केंद्रीय विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई । विद्यालय प्रबंधन समिति के नामित अध्यक्ष एवं सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट बालाघाट महोदय श्री गोपाल सोनी एवं अन्य सदस्यों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात माननीय नामित अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया । विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी:-

| | |
|---|---|
| 1. श्री गोपाल कुमार सोनी | नामित अध्यक्ष |
| 2. डॉ योगेश विजयवार | सदस्य |
| 3. डॉ. निधि ठाकुर | सदस्य |
| 4. श्री कुंवर विक्रम सिंह | सदस्य |
| 5. श्री शैलेन्द्र मेश्राम | अभिभावक सदस्य |
| 6. डॉ. संतोष कुमार | सदस्य |
| 7. श्री उमेश गनवीर | सदस्य |
| 8. श्री अजित मेश्राम | सदस्य / शिक्षक |
| 9. श्री पंकज कुमार जैन | सदस्य / सचिव |
| 10. श्री आर यू सिंह(MOIL प्रतिनिधि) | सह-सदस्य |
| 11. श्री के.एम. चौधरी | सदस्य |
| 12. श्री कुलदीप चन्द्रवंशी (*PWD* प्रतिनिधि) | सदस्य |

**ठक में निम्नानुसार कार्यसूची के विषयों पर चर्चा की गई:**

बैठक की कार्यवाही के शुरू होते ही नामित अध्यक्ष एवं एसडी एम, बालाघाट कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिए गये :-

I. MOIL Manager को निर्देश दिया गया की उनके CSR मद से जो फूटबाल स्टेडियम विद्यालय के खेल मैदान में किये गये कार्य की उचित मोनिटरिंग कर पूर्ण किया जाये |

II. विद्यालय परिसर में निर्माण हो रहे इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का के दौरान यह पाया गया कि उसमे कुछ जगह पर लीकेज है, CPWD Jabalpur Division को यह निर्देश दिया जाता है इसे जल्दी सुधार किया जाए |

III. अध्यक्ष महोदय से अनुरोध किया गया कि एक नग स्मार्ट इंटरैक्टिव बोर्ड सभी accessories के साथ एवं मोर्निंग असेम्बली शेड विद्यालय को जिला कलेक्टर से केंद्रीय विद्यालय बालाघाट को प्रदान करने का अनुग्रह किया गया |

IV. मोइल के प्रतिनिधि श्रीमान आर. यू. सिंह द्वारा इस बात पर जोर दिया गया कि केंद्रीय विद्यालय में **MOIL** के कर्मचरियों एवं अधिकारीयों के पाल्यों को विद्यालय में प्रवेश दिया जाए एवं इसके लिए विशेष प्रावधान किया जाए|

## 01. पूर्व बैठक की कार्यसूची बिंदुओं के साथ कारवाही संबंधी रिपोर्ट-

सभी उपस्थित सदस्यों को 06 जुलाई 2023 को आयोजित पूर्व बैठक में चर्चित बिंदुओं व उन पर की गई कार्रवाही संबंधी रिपोर्ट से अवगत कराया गया।

## 02. सत्र 2023.24 की आंतरिक एवं सी.बी.एस.ई. कक्षा 10 वी एवं 12 वी के वार्षिक परीक्षा परिणामः-

सत्र 2023-24 कक्षा बारहवी में विज्ञान संकाय में 27 बच्चे थे, जिसमे विज्ञानं संकाय में मा.तनिष मात्रे ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं मा. अमय पूरी गोस्वामी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान अर्जित किया इसी प्रकार कु. अंजलि कुल्हाड़े ने 89.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया | कक्षा बारहवी के वाणिज्य संकाय में 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया | वाणिज्य संकाय में कु. दिया अग्रवाल ने 95 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कु. गीतिका गायधने ने 93.2 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में द्वीतीय स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार कु. महक बागडे ने 92.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया | कक्षा में कुल 54 विद्यार्थियों में 54 विद्यार्थी उतीर्ण हुए, परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा |इसी प्रकार कक्षा दसवी में 79 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए परीक्षा परिणाम 100 % रहा |कक्षा दसवी में कु. ऋषिका चौधरी ने 97.2 % के साथ प्रथम स्थान ,कु. हिमानी हरिनखेडे ने 97 % के साथ द्वितीय स्थान एवं प्रेरणा मेश्राम ने 94.2 % के साथ तृतीय स्थान अर्जित किया | 79 विद्यार्थियों में से 08 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत के ऊपर प्रतिशत प्राप्त किये | तथा कक्षा पहली से लेकर बारहवी तक विद्यालय का परीक्षा परिणाम का विश्लेषण करने पर यह पाया गया कि के.वि. क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त कैंद्रीय विद्यालयों में केंद्रीय विद्यालय बालाघाट का स्थान तीसरा है |

## 3. सत्र 2023-24 हेतु शैक्षणिक गतिविधियों :-

सत्र 2023-24 में संचालन सुचारू रूप से प्रारंभ हुआ | सत्र 2024-25 के लिए प्रत्येक कक्षा में अधिकतम 32 विद्यार्थियों को ही FRESH ADMISSION के रूप में प्रवेश दिया जा सकता है | 4 जून तक कक्षा 1 में 70 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया | इसी प्रकार कक्षा ग्यारहवी में 14 नये बच्चों को वाणिज्य संकाय में प्रवेश दिया गया |

पाठ्य सहगामी गतिविधियों के अंतर्गत प्राथमिक विभाग, माध्यमिक विभाग एवं उच्चतर माध्यमिक विभागों में प्रत्येक शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है |

विद्यालय में एन.सी.सी. की गतिविधि श्री श्रवण बोदेले ए.एन.ओ. के नेतृत्व में सफलता पूर्वक संचालित की जा रही है | इसी प्रकार भारत स्काउट एवं गाइड की गतिविधियों के अंतर्गत 07 स्काउट एवं 07 गाइड राज्य पुरुस्कार परीक्षा उतीर्ण की एवं राष्ट्रपति पुरुस्कार हेतु 01 गाइड कु. गौरी बिसेन (भूतपूर्व छात्रा) का चयन हुआ |

इस विद्यालय के 4 छात्र- छात्राओं कुमारी धान्या कावड़े, कुमारी आरुषि जैन, कुमारी यामिनी ठाकुर एवं छात्र क्षितिज पवार का चयन 15 दिवसीय युवा विज्ञानी कार्यक्रम युविका श्रीहरिकोटा के लिए हुआ |

## 04. नवीन शिक्षा नीति 2020 हेतु विद्यालय स्तर पर किए गए प्रयास।

29 जुलाई 2020 से भारत सरकार की शिक्षा मंत्रालय द्वारा नई शिक्षा निति 2020 को लागू किया गया जिसको लागू करने के लिए केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट प्रतिबद्ध है | इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां जैसे निपुण भारत अभियान, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता, विद्या प्रवेश, खेल आधारित शिक्षाशास्त्र, मूल्यपरक शिक्षा, पूर्व व्यावसायिक शिक्षा, कक्षा 6 वी से 8 वी के लिए कोडिंग अधिगम के द्वारा कंप्यूटर साक्षरता एवं कक्षा 9 वी व 10 वी कक्षाओं के लिए कृत्रिम बुध्दिमत्ता (AI ) का समावेशन किया गया हैं | इसी प्रकार कक्षा 11 वी एवं 12 वी में वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में शारीरिक शिक्षा छठवे विषय के रूप में चयन कर रहे हैं जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र - छात्राओं का कौशल विकास करना है|

इसी तारतम्य में विद्यालय के समस्त शिक्षकों के सहयोग से नई शिक्षा नीति के आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए 01 जून 2023 से लेकर 15 जून 2023 तक जन-भागीदारी अभियान का सुचारू रूप से संचालन किया गया एवं इसके अंतर्गत विभिन्न माध्यमों जैसे सोशल मीडिया, रेडियो, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, ऑनलाइन ट्रेनिंग एवं कार्यशालाओं में इसको प्रचारित एवं प्रसारित किया गया| शिक्षकों ने CIET पोर्टल पर रजिस्टर का NCERT की 05 दिवसीय कार्यशालाओं में भाग लेकर प्रशिक्षित हुए |

## 05. विद्यालय की वर्तमान छात्र नामांकन स्थिति एवं स्टॉफ पोजिशन स्थितिः-

30.06.2024 को विद्यालय में दर्ज छात्रो की संख्या 995 थी जिसमे कक्षा 1 ली -69, 2री -86 , 3री -75 , 4थी-90 , 5वी -92 , 6वी- 91 , 7वीं -101 , 8वीं -98, 9वी-99, 10वी -82, 11 वी - 71 एवं 12वी - 50 छात्र विद्यालय में हैं | इसी प्रकार केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में स्वीकृत सभी पदों की कुल संख्या 50 हैं जिसमे 36 नियमित कर्मचारी कार्यरत हैं एवं 04 कर्मचारी एवं खेल प्रशिक्षक 01, योगा प्रशिक्षक - 01 , कम्पुटर अनुदेशक 02, स्पेशल एजुकेटर 01 एवं 01 स्टाफ नर्स संविदा आधार पर सत्र 2024-25 के लिए कार्यरत हैं |

## 06.विद्यालय के विद्यार्थियों हेतु टॉयलेट एवं बाथरूम बनवानाः-

विद्यालय में पर्याप्त मात्रा में टॉयलेट एवं बाथरूम न होने से विद्यालय में विद्यार्थियों हेतु स्वच्छ एवं पर्याप्त प्रसाधन उपलब्ध कराने में बाधा हो रही थी । विशेषकर प्राथमिक विभाग के छात्र व छात्राओं को प्रसाधन हेतु असुविधा होती थी| इस हेतु विद्यालय प्रांगण में 01 टॉयलेट एवं बाथरूम कक्ष छात्रों के लिए एवं 01 टॉयलेट एवं बाथरूम छात्राओं के लिए विद्यालय स्तर पर विद्यालय विकास निधि से अनुमानित लागत लगभग 5,00,000 रूपए है, का कार्य लगभग पूर्ण होने जा रहा है | जिसका अनुमोदन विगत सत्र लिया गया था |

**07.विद्यालय के बाहरी दीवारों एवं रिसाव रोकने हेतु रिपेयर एवं मेंटेनेंस का कार्य :-**

सीपीडब्लूडी द्वारा इस कार्य को पूर्ण किया जा रहा है |

**08. विद्यालय की कक्षाओं एवं विभिन्न विभागों हेतु फर्नीचर खरीदनाः-**

विभिन्न कक्षाओं में खराब/सुधार योग्य न होने वाले फर्नीचर के स्थान पर नवीन फर्नीचर खरीदने एवं विद्यालय के विभिन्न विभाग जैसे- कम्प्यूटर,लायब्रेरी,ऑफिस आदि के लिए रू. 3,00,000 तक की फर्नीचर खरीदने का प्रस्ताव विद्यालय प्रबंधन समिति के समक्ष अनुमोदित किया जाता है।

**09. विद्यालय में बैंड पार्टी के गठन हेतु** : विद्यालय में बैंड पार्टी के गठन के लिए लगभग 30 छात्र- छात्राओं के लिए यूनिफार्म की आवश्यकता है अतः 2 लाख तक खरीदने का प्रस्ताव विद्यालय प्रबंधन समिति के समक्ष अनुमोदित किया जाता है।

**10.** विद्यालय में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय के रूप में चयनित होने पर उसमें होनेवाली गतिविधियों की समीक्षा की गयी एवं विद्यालय से यह अपेक्षा की गयी की आबंटित मदों को उपयोगिता के साथ छात्र- छत्रों के हित में उपयोग होगा |

**11.पर्यावरण संरक्षण एवं विधुत के सुचारू संचार हेतु विद्यालय में सोलर पैनल लगवाने संबंधी :-**

नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने एवं शासन द्वारा निर्देशित उर्जा सम्बन्धी दिशानिर्देशों के अनुपालन हेतु तथा पठन-पाठन की गतिविधियों को आधुनिक परिवेशीय पाठ्यक्रम के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु सामग्रियां क्रय करने की आवश्यकता है, जिनमें मुख्य रूप से एक सोलर पैनल क्रय किये जाने की आवश्यकता है जिसकी क्षमता 5 KW हो की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रूपए है, विद्यालय में निर्बाध बिजली की आपूर्ति बनाए रखने हेतु विद्यालय की छत पर सोलर पैनल विद्यालय स्तर पर विद्यालय विकास निधि के माध्यम से लगवाने का प्रस्ताव विद्यालय प्रबंध समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाता गया ताकि विद्यालय ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करा सके। सोलर पैनल लगवाने के प्रस्ताव को माननीय अध्यक्ष, वि.प्र.स. एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**12. विभिन्न संगीत यंत्र संबंधीः-**

NEP 2020 की अवधारणाओं के अंतर्गत एवं विद्यालय की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यालय के समग्र कार्यान्वयन हेतु सामग्रियां क्रय करना अपेक्षित है, जिनमें मुख्य रूप से पठन-पाठन की गतिविधियों को आधुनिक परिवेशीय पाठ्यक्रम के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु विभिन्न संगीत यंत्र जैसे कांगो, गिटार, बैंड एवं स्कूल मार्चिंग बैंड वर्दी जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 70 हजार रूपए एवं ओक्टापैड जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 80 हजार रूपए है, क्रय किये जाने की आवश्यकता है | संगीत यंत्रो के खरीदने के प्रस्ताव को माननीय अध्यक्ष, वि.प्र.स. एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**13. विद्यालय की अनुपयोगी सामग्रियों का कंडमनेशन करने संबंधी।**

विद्यालय में सत्र 2024-25 के वार्षिक भौतिक सत्यापन के पश्चात् विभिन्न विभागों के अनुपयोगी सामानों को बट्टे खाते में डाला जाना है ,यह कंडमनेशन विद्यालय स्तरीय एवं क्षेत्रीय स्तरीय किया जाना है, अत: इस सन्दर्भ हेतु अनुमोदन प्रदाय किया गया |

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ |

## सदस्यों के हस्ताक्षर

04/07/24
(डॉ. निधि ठाकुर)
सदस्य
सदस्य MEMBER

4-7-2024
(डॉ. योगेश विजयवार)
सदस्य
सदस्य MEMBER

(श्री आर यू सिंह)
सदस्य सदस्य उपस्थित (RO 11L)
MEMBER

(श्री कुलदीप चन्द्रवंशी)
सदस्य
सदस्य उपस्थित
MEMBER (AWD)

(श्री शैलेन्द्र मेश्राम)
सदस्य
अभिभावक सदस्य MEMBER

(श्रीमति पूजा साहू)
अभिभावक सदस्य
सदस्य
MEMBER

(श्री के.एम. चौधरी)
सदस्य सदस्य
MEMBER

(श्री अजित मेश्राम)
सदस्य /शिक्षक
सदस्य
MEMBER

(सुश्री मधुलिका डोलारे)
वरिष्ठतम् शिक्षिका

04/07/24
(डॉक्टर संतोष कुमार)
सदस्य
सदस्य
MEMBER

(श्री उमेश गनवीर)
सदस्य सदस्य
MEMBER

(श्री पंकज कुमार जैन)
सदस्य /सचिव
PRINCIPAL / प्राचार्य
PM SHRI / पीएम श्री
KENDRIYA VIDYALAYA / केन्द्रीय विद्यालय
BALAGHAT (M.P.) / बालाघाट (म.प्र.)
PIN-481102 / पिन-481102

(श्री कुंवर विक्रम सिंह)
सदस्य
सदस्य
MEMBER

(श्री गोपाल कुमार सोनी)
नामित अध्यक्ष
अध्यक्ष मनोनीत
Chairman Nominee
निष्पादन समिति
Executive Committee
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय,बालाघाट
PM SHRI Kendriya Vidyalaya,Balaghat

अध्यक्ष Chairman
विद्यालय प्रबंधन समिति VMC
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय,बालाघाट
PM SHRI Kendriya Vidyalaya,Balaghat

**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय,बालाघाट**
(शिक्षा विभाग, भारत सरकार के अधीन निकाय )
तहसील :- बालाघाट,जिला: बालाघाट (म.प्र.),
पोस्ट: भरवेली, (म.प्र.),पिन-481102
दूरभाष संख्या:- 07632-245250
वैबसाईट:- https://balaghat.kvs.ac.in
ई-मेल:- balaghat@kvsrojabalpur.in
CBSE Affiliation No. 1000059

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**PM Shri Kendriya Vidyalaya Balaghat**
(An Autonomous Body under Ministry of Education, Govt. of India)
Tehsil:-Balaghat, Distt-Balaghat (M.P)
Post-Bharweli, Pin-481102
Telephone No:- 07632-245250
Website: https://balaghat.kvs.ac.in
E-mail:- balaghat@kvsrojabalpur.in

केवि/बाला/फा./08/2024-25/ दिनांक -: 18.09.2024

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में दिनांक 13 सितंबर 2024, शुक्रवार ,समय प्रातः 10:30 बजे विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। श्रीमान जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष,विद्यालय प्रबंधन समिति श्री मृणाल मीणा की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई ।सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय और समिति के अन्य सदस्यों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया जिसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य श्री अरुण कुमार तुमसरे ने माननीय अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया एवं समिति के अन्य सदस्यों का स्वागत विद्यालय परिवार की ओर से किया गया। बैठक में निम्नलिखित समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही :-

1. श्री अरुण कुमार तुमसरे ,(सदस्य /सचिव )
2. श्री कुंवर विक्रम सिंह, (सदस्य )
3. श्री शैलेंद्र मेश्राम,(अभिभावक सदस्य )
4. श्रीमती पूजा साहू ,(अभिभावक सदस्य )
5. डॉ. जे.डी. यादव,( सदस्य )/ प्रतिनिधि
6. श्री उमेश रणवीर,( सदस्य )
7. श्री अजीत मेश्राम ,(सदस्य /शिक्षक )
8. श्री मयंक जैन,( सदस्य )
9. श्री के. एम. चौधरी,(सदस्य)

बैठक में निम्नलिखित कार्य बिंदुओं पर चर्चा की जाकर उनकी क्रियांवयन हेतु निर्णय लिए गए।

1. पूर्व में , 4 जुलाई 2024 को आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति के महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की जाकर उसमें की गई कार्यवाही से सभी को अवगत कराया गया।
2. विद्यालय में रोस्टर के अनुसार कर्मचारियों की रिक्तियां एवं वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों की जानकारी दी गई । रिक्त पदों के विरुद्ध नियमानुसार संविदा कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।
3. नवीन प्रवेश नीति के अनुसार वर्तमान में कक्षावार विद्यार्थियों की नामांकन की स्थिति की जानकारी दी गई।

4. विद्यालय के विभिंन्न विभागों के लिए "Gem पोर्टल" से क्रय करने हेतू क्रय और विक्रय प्रक्रियाओं का अनुमोदन तथा इसकी प्रक्रिया से प्राचार्य श्री तुमसरे द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया।

5. पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की अवधारणा एवं क्रियान्वयन से संबंधित चर्चा की गई ।शिक्षा मंत्रालय और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा अनुसार शिक्षा में गुणात्मक विकास हेतु विभिन्न विद्यालयों को पीएम श्री के अंतर्गत शामिल किया गया है ।जिसमें विद्यालय की अधोसंरचना, अकादमिक तथा अन्य क्षेत्रों के विकास हेतु उन्हें पीएम श्री का दर्जा दिया गया था । इस संबंध में केंद्रीय विद्यालय बालाघाट को भी पीएमश्री की श्रेणी में शामिल किया गया है । इस तथ्य से माननीय अध्यक्ष महोदय और समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया ।

6. सत्र 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट पर चर्चा कर क्रियान्वयन हेतु अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित किया गया।

7. विद्यालय भवन की सुरक्षा और उसके संचालन हेतु लोक निर्माण विभाग के स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से ऑडिट कराने हेतु पत्र लिखने को कहा गया।

8. छांत्र/छात्राओं एवं विद्यालय भवन की अग्नि से सुरक्षा हेतु जांच एवं ऑडिट के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा वर्तमान में जो संसाधन उपलब्ध हैं उनके माध्यम से तत्संबंध में नगर पालिका के यंत्री या मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालाघाट से संपर्क कर ऑडिट कराने हेतु निर्देश दिए गए।

9. विद्यालय भवन की मरम्मत एवं नवीनीकरण के कार्य जिसके अंतर्गत रैंप का निर्माण करना, आपातकालीन निकास द्वार एवं टॉयलेट के मरम्मत इत्यादि कार्य किया जाना अपेक्षित है ।माननीय अध्यक्ष महोदय के द्वारा उपरोक्त कार्य के साथ-साथ सभी कक्षाओं की रंगरोगन कार्य हेतु अनुमानित इस्टीमेट तैयार कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि प्राथमिकता के आधार पर विद्यालय और उसके कक्षा के वातावरण को उच्च शिक्षा और गुणात्मक शिक्षा हेतु अनुकूल बनाया जा सके ।

10. विद्यालय भवन की विद्युत वायरिंग की मरम्मत के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से एक एस्टीमेट बनवाकर केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय की अनुमति हेतु प्रेषित करने हेतु कहा गया।

11. विद्यालय में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना से संबंधित विषय पर माननीय अध्यक्ष महोदय के द्वारा अक्षय ऊर्जा विभाग के प्रमुख से संपर्क कर एस्टीमेट बनाकर पीएम श्री विद्यालय बालाघाट में उक्त संयंत्र की स्थापना हेतु निर्देशित किया गया ।

12. केंद्रीय विद्यालय संगठन के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का संचालन होता है उसी के अंतर्गत शामिल है प्राथमिक शिक्षा विभाग के "ई -समाचार पत्र" का विमोचन करना तो माननीय कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता और समिति के सदस्यों की उपस्थिति के बीच प्राथमिक विभाग के ई-समाचार पत्र, सत्र 2023 -24 का विमोचन किया गया ।

13. सीबीएसई के द्वारा 1.5% छात्र-छात्राओं के मेरिट सूची में आने पर कक्षा दसवीं के छात्रों को ₹ 5000 की राशि एवं कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को ₹10000 की राशि प्रदान की जाती है तत्संबंध में पीएम श्री केंद्रीय

विद्यालय बालाघाट में सत्र 2023-24 के अंतर्गत कक्षा 12वीं में कुमारी दिया अग्रवाल एवं कक्षा दसवीं मैं कुमारी हिमानी हिरनखेडे को ₹5000 की राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की गई ।

14. इसके पश्चात विद्यालय हित में विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा और भी कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

उपरोक्त पृष्ठ क्रमांक 1 से क्रमांक 3 तक लिखित बैठक सम्बन्धी कार्यवाही का अवलोकन किया।

हस्ताक्षर सदस्यगण :-

| सदस्यगण | हस्ताक्षर |
|---|---|
| श्री कुंवर विक्रम सिंह, (सदस्य ) | |
| श्री शैलेंद्र मेश्राम, (अभिभावक सदस्य ) | |
| श्रीमती पूजा साहू , (अभिभावक सदस्य ) | |
| डॉ. जे.डी. यादव,( सदस्य )/ प्रतिनिधि | |
| श्री उमेश रणवीर, ( सदस्य ) | |
| श्री अजीत मेश्राम , (सदस्य /शिक्षक ) | |
| श्री मयंक जैन, ( सदस्य ) | |
| श्री के. एम. चौधरी, ( सदस्य ) | |

श्री अरुण कुमार तुमसरे

(सदस्य /सचिव )

प्राचार्य

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट

PRINCIPAL / प्राचार्य
PM SHRI / पीएम श्री
KENDRIYA VIDYALAYA / केन्द्रीय विद्यालय
BALAGHAT (M.P.) / बालाघाट (म.प्र.)
PIN-481102 / पिन–481102

श्री मृणाल मीणा

जिला कलेक्टर सह अध्यक्ष

विद्यालय प्रबंधन समिति

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट

अध्यक्ष Chairman
विद्यालय प्रबंधन समिति VMC
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय,बालाघाट
PM SHRI Kendriya Vidyalaya,Balaghat

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय,बालाघाट
(शिक्षा विभाग, भारत सरकार के अधीन निकाय )
तहसील :- बालाघाट,जिला: बालाघाट (म.प्र.),
पोस्ट: भरवेली, (म.प्र.),पिन-481102
दूरभाष संख्या:- 07632-245250
वैबसाईट:- https://balaghat.kvs.ac.in
ई-मेल:-balaghat@kvsrojabalpur.in

PM SHRI Kendriya Vidyalaya Balaghat
(An Autonomous Body under Ministry of Education, Govt. of India)
Tehsil:-Balaghat, Distt-Balaghat (M.P)
Post-Bharweli, Pin-481102
Telephone No:- 07632-245250
Website: https://balaghat.kvs.ac.in
E-mail:- balaghat@kvsrojabalpur.in

केवि/बाला/फा.08 /2024-25/ 726 दिनांक :- 05.02.2025

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में दिनांक 05 फरवरी 2025, बुधवार ,समय प्रातः 10:30 बजे विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। एस.डी.एम.महोदय बालाघाट एवं नामित अध्यक्ष,विद्यालय प्रबंधन समिति श्री गोपाल सोनी की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई ।सर्वप्रथम नामित अध्यक्ष महोदय और समिति के अन्य सदस्यों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया जिसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य श्री अरुण कुमार तुमसरे ने माननीय नामित अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया एवं समिति के अन्य सदस्यों का स्वागत विद्यालय परिवार की ओर से किया गया। बैठक में निम्नलिखित समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही :-

1. श्री अरुण कुमार तुमसरे ,(सदस्य /सचिव )
2. श्री कुंवर विक्रम सिंह, (सदस्य )
3. श्री शैलेंद्र मेश्राम,(अभिभावक सदस्य )
4. श्रीमती पूजा साहू ,(अभिभावक सदस्य )
5. डॉ. संतोष कुमार (सदस्य )/ प्रतिनिधि
6. श्री अजय बैस (सदस्य )
7. श्री अजीत मेश्राम (सदस्य /शिक्षक )
8. श्री दिनेश गेडाम (सदस्य )
9. श्री के. एम. चौधरी (सदस्य)
10. डॉ. योगेश विजयवार (सदस्य)

बैठक में निम्नलिखित कार्य बिंदुओं पर चर्चा की जाकर उनकी क्रियांवयन हेतु निर्णय लिए गए।

1. पूर्व में , 13 सितम्बर 2024 को आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति के महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की जाकर उसमें की गई कार्यवाही से सभी को अवगत कराया गया।
2. विद्यालय में रोस्टर के अनुसार कर्मचारियों की रिक्तियां एवं वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों की जानकारी दी गई । रिक्त पदों के विरुद्ध नियमानुसार संविदा कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।

3. नवीन प्रवेश नीति के अनुसार वर्तमान में कक्षावार विद्यार्थियों की नामांकन की स्थिति की जानकारी दी गई जिसमें वर्तमान में विद्यालय में दर्ज संख्या 1006 है की जानकारी प्रदान की गयी।

4. विद्यालय के विभिन्न विभागों के लिए “Gem पोर्टल” से क्रय करने हेतू क्रय और विक्रय प्रक्रियाओं का अनुमोदन तथा इसकी प्रक्रिया से प्राचार्य श्री तुमसरे द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया।

5. पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की अवधारणा एवं क्रियान्वयन से संबंधित चर्चा की गई ।शिक्षा मंत्रालय और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा अनुसार शिक्षा में गुणात्मक विकास हेतु विभिन्न विद्यालयों को पीएम श्री के अंतर्गत शामिल किया गया है ।जिसमें विद्यालय की अधोसंरचना, अकादमिक तथा अन्य क्षेत्रों के विकास हेतु उन्हें पीएम श्री का दर्जा दिया गया था । इस संबंध में केंद्रीय विद्यालय बालाघाट को भी पीएमश्री की श्रेणी में शामिल किया गया है । इस तथ्य से माननीय अध्यक्ष महोदय और समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया ।

6. सत्र 2025 - 26 हेतु अंशकालीन संविदा शिक्षकों की भर्ती और विद्यालय के हित में अन्य अंशकालीन संविदात्मक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार के आयोजन की अनुमति ली गयी |

7. विद्यालय भवन की सुरक्षा और उसके संचालन हेतु लोक निर्माण विभाग के स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से ऑडिट कराने हेतु पत्र लिखने को कहा गया।

8. छात्र/छात्राओं एवं विद्यालय भवन की अग्नि से सुरक्षा हेतु जांच एवं ऑडिट के लिए माननीय नामित अध्यक्ष महोदय द्वारा वर्तमान में जो संसाधन उपलब्ध हैं उनके माध्यम से तत्संबंध में नगर पालिका के यंत्री या मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालाघाट से संपर्क कर ऑडिट कराने हेतु निर्देश दिए गए एवं म.प्र. हाउसिंग बोर्ड के E.E. की VMC अध्यक्ष के माध्यम से पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए |

9. विद्यालय में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना से संबंधित विषय पर माननीय नामित अध्यक्ष महोदय के द्वारा अक्षय ऊर्जा विभाग के प्रमुख से संपर्क कर एस्टीमेट बनाकर पीएम श्री विद्यालय बालाघाट में उक्त संयंत्र की स्थापना हेतु निर्देशित किया गया साथ ही नामित अध्यक्ष द्वारा उपयुक्त वेंडर / विभाग को संपर्क करने कहा गया |

10. विद्यालय के प्राथमिक विभाग के तिमाही समाचार पत्र का विमोचन नामित अध्यक्ष के कर-कमलों से किया गया |

11. सत्र 2024-25 में संगणक विभाग के पुराने अनुपयोगी सामानों को बट्टे खाते में डालने हेतु क्षेत्रिय कार्यालय,के.वि.स.,जबलपुर को अग्रेषित करने हेतु अनुमोदन प्रदाय किया गया |

12.विद्यालय के नवनिर्मित बैडमिंटन हाल को eco प्रूफ एवं सिंथेटिक टर्फ करवाने हेतु अनुमोदन प्रदाय किया गया |

13.विद्यालय के खेल मैदान में क्रिकेट पिच का निर्माण हेतु अनुमोदन प्रदाय किया गया एवं एस्टीमेट PWD या CPWD से लेने निर्देशित किया गया |

14.प्राथमिक विभाग हेतु उच्च गुणवत्ता की नई फोटोकॉपी मशीन के क्रय हेतु अनुमति ली गई |

15. इसके पश्चात विद्यालय हित में विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा और भी कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

उपरोक्त पृष्ठ क्रमांक 1 से क्रमांक 4 तक लिखित बैठक सम्बन्धी कार्यवाही का अवलोकन किया |

हस्ताक्षर सदस्यगण :-

| सदस्यगण | हस्ताक्षर |
|---|---|
| श्री कुंवर विक्रम सिंह, (सदस्य ) | [signature] 7.2.2025 |
| श्री शैलेंद्र मेश्राम, (अभिभावक सदस्य ) | [signature] |
| श्रीमती पूजा साहू , (अभिभावक सदस्य ) | [signature] |
| डॉ. संतोष कुमार,( सदस्य )/ प्रतिनिधि | [signature] |
| श्री अजय बैस (सदस्य ) | |
| श्री अजीत मेश्राम , (सदस्य /शिक्षक ) | [signature] |
| श्री दिनेश गेडाम, ( सदस्य ) | [signature] |
| श्री के. एम. चौधरी, ( सदस्य ) | [signature] |
| डॉ.योगेश विजयवार (सदस्य) | |

[signature] 6/2/25

**श्री अरुण कुमार तुमसरे**

**(सदस्य /सचिव )**

**प्राचार्य**

**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट**

PRINCIPAL / प्राचार्य
PM SHRI / पीएम श्री
KENDRIYA VIDYALAYA / केन्द्रीय विद्यालय
BALAGHAT (M.P.) / बालाघाट (म.प्र.)
PIN-481102 / पिन-481102

[signature] 7/2/25

श्री गोपाल सोनी

एस.डी.एम. (अनुविभागीय अधिकारी बालाघाट)

सह नामित अध्यक्ष

विद्यालय प्रबंधन समिति

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट

अध्यक्ष मनोनीत
Chairman Nominee
विद्यालय समिति
Executive Committee
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट
PM SHRI Kendriya Vidyalaya,Balaghat